भोलेनाथ शुक्रिया | by Saurav Gupta

क्या मांगू बाबा तुझसे सब कुछ दिया है तूने
नाम तो मेरा था पर सब कुछ किया है तूने
नादान था मैं अनजाना, तेरी दुनिया से बाबा बेगाना
मुझ पर रहमो करम कर दिया........
भोलेनाथ, भोलेनाथ, भोलेनाथ शुक्रिया

मन में है मंदिर, मंदिर में मूरत
मूरत में शिव शंकर तेरी सूरत
मूरत में शिव शंकर जी बस तेरी सूरत
दानी तुझसा ना दूजा मिला
भोलेनाथ, भोलेनाथ, भोलेनाथ शुक्रिया

तेरा है सारा तुझको है अर्पित
चरणों में तेरे मेरा जीवन समर्पित
देदो चरणों में अपनी जगह
भोलेनाथ, भोलेनाथ, भोलेनाथ शुक्रिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-saurav-gupta/